# नारग उप-तहसील का शीघ्र बनेगा अपना भवन : उपायुक्त

## उपायुक्त ने उप तहसील नारग के लिए 2 कम्पयूटर और भवन की मुरम्मत के लिए डेढ़ लाख की राशि की स्वीकृत



**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**नाहन।** नारग में शीघ्र ही उप-तहसील भवन का निर्माण किया जाएगा जिसके लिए धनराशि का प्रावधान करके निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ किया जाएगा।

यह जानकारी उपायुक्त सिरमौर श्री ललित जैन ने गत दिवस नारग उप-तहसील कार्यालय का निरीक्षण करने के दौरान दी। उन्होंने इस अवसर पर आगामी 7 अक्तूबर को नारग में आयोजित किए जाने वाले जनमंच कार्यक्रम के प्रबंधों का भी जायजा लिया।

उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व विभाग से संबंधित लंबित पड़े मामलों को शीघ्र निपटाया जाए और इसके अतिरिक्त विभिन्न उप-मण्डल स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को समय पर विकास कार्यों में तेजी लाए तथा लक्ष्यों को समय पर पूरा करने का प्रयास करें और सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य समय पर पूरा करे ताकि लोगों को सरकार के कार्यक्रमों का लाभ मिल सके।

उपायुक्त ने उप-तहसील कार्यालय नारग के लिए दो कम्पयूटर और भवन की मुरम्मत के लिए डेढ लाख रुपये मौके पर स्वीकृत किए गए।

इस अवसर पर एसडीएम राजगढ़ नरेश वर्मा, तहसीलदार पच्छाद गुरमीत नेगी, एसडीओ लोक निर्माण डिलमन, कार्यकारी विकास अधिकारी पच्छाद, नायब तहसीलदार नारग, उप-प्रधान ग्राम पंचायत नारग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा स्थानीय लोग भी उपस्थित थे।

# बड़ा भंगाल में फंसे लोगों को राशन प्रदान करने के लिए हैलीकाप्टर की व्यवस्था

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**शिमला।** मुख्य सचिव बी.के. अग्रवाल ने गत दिवस यहां कहा कि राज्य सरकार ने धौलाधार पर्वत श्रृंखलाओं पर आकस्मिक एवं अचानक हुई बर्फबारी के कारण इन क्षेत्रों में फंसे भेड़ पालकों को राशन प्रदान करने के लिए कांगड़ा जिला के बड़ा भंगाल क्षेत्र के लिए हैलीकॉप्टर सेवाओं की व्यवस्था की है।

उन्होंने कहा कि हैलीकाप्टर सेवा उपलब्ध करवाई जाएगी। कांगड़ा के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, जिला लोक सम्पर्क अधिकारी, चिकित्सक, एसडीएम बैजनाथ तथा कैमरामेन हैलीकाप्टर से जाएंगे। उन्होंने कहा कि गगल हवाई अड्डे से खाद्य पदार्थों के 6 से 7 किलोग्राम के 50 बैग उठाए जाएंगे।

मुख्य सचिव ने कहा कि हैलीकाप्टर का प्रस्तावित मार्ग गगल हवाई अड्डा, कांगड़ा-जालसू पास-बड़ा भंगाल (अल्प ठहराव), थमसार पास-खलीहाणी पास-बड़ा भंगाल-जलसू पास-गगल हवाई अड्डा होगा।

अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्व मनीषा नन्दा ने कहा कि कांगड़ा के उपायुक्त ने राज्य सरकार से इन क्षेत्रों में फंसे लोगों के लिए हैलीकाप्टर से राशन उपलब्ध करवाने को हैलीकाप्टर सेवा प्रदान करने के लिए राज्य सरकार से आग्रह किया था, क्योंकि ऐसी सम्भावना है कि इन लोगों के पास खाद्य सामग्री समाप्त हो चुकी है। सूचना प्राप्त होने के उपरान्त राज्य सरकार ने तुरन्त से मामला केन्द्रीय रक्षा मंत्रालय से उठाया और हैलीकाप्टर प्रदान करने का आग्रह किया।

# हिमालयी राज्यों का सम्मेलन 5 अक्तूबर को शिमला में : बी.के. अग्रवाल

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**शिमला।** मुख्य सचिव बी.के. अग्रवाल ने कहा कि 'हिमालयी लोगों की भावी पीढ़ी का कल्याण' विषय पर हिमालयी प्रदेशों का सम्मेलन आगामी 5 अक्तूबर को शिमला में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में हिमालयी राज्यों के मुख्यमत्री और सांसद भाग लेंगे। अग्रवाल ने यह जानकारी यहां सम्मेलन के प्रबंधों को लेकर बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

बैठक में प्रधान सचिव हि.प्र. पर्यावरण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आर.डी. धीमान, हिमकोस्ट के सदस्य सचिव कुनाल सत्यार्थी, हि.प्र. पर्यटन विकास निगम की प्रबंध निदेशक कुमुद सिंह, निदेशक सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग अनुपम कश्यप, पुलिस अधीक्षक शिमला ओमापति जमवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# नौका-विहार के दौरान प्रत्येक व्यक्ति को जीवन रक्षक जैकेट पहनना अनिवार्य-डीएम

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**नाहन।** श्री रेणुकाजी झील में चिन्हित स्नानघाट को छोड़कर झील में तैरने, स्नान करने तथा गोता लगाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है।

इस आश्य की अधिसूचना जिला दण्डाधिकारी सिरमौर श्री ललित जैन ने भारतीय दण्ड संहिता की धारा 144 तथा हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास तथा पंजीकरण अधिनियम 2002 की शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किए है।

आदेशों के तहत रेणुका झील में नौका-विहार के दौरान प्रत्येक व्यक्ति को जीवन रक्षक जैकेट पहनना अनिवार्य होगा तथा जीवन रक्षक जैकेट न पहन कर झील में नौका-विहार करने वाले व्यक्ति से न्यूनतम पांच हजार रूपये जुर्माना वसुल किया जाएगा।

आदेशों के तहत कानुन तथा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक सिरमौर द्वारा रेणुकाजी में रविवार, छुट्टी वाले दिन तथा धार्मिक पर्वो के दिनों में प्रयाप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

# नारग क्षेत्र में कार्यानवित की गई प्री-जनमंच गतिविधियां-उपायुक्त



**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**नाहन।** पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के नारग में आगामी 7 अक्तूबर को आयोजित होने वाले जनमंच कार्यक्रम के अतंर्गत विभिन्न विभागों द्वारा प्री-जनमंच गतिविधियां आयोजित की गई जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा नारग में शिविर का आयोजन कर लगभग 100 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

यह जानकारी देते हुए उपायुक्त सिरमौर श्री ललित जैन ने बताया कि ग्राम पंचायत डिलमन में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय लोगों के सहयोग से डिलमन ग्राम पंचायत के अतंर्गत आने वाले गांव में साफ-सफाई की गई जिसमें जलस्त्रोत को भी साफ किया गया। उन्होंने बताया कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा नारग क्षेत्र के सभी सरकारी डिपूओं का निरीक्षण किया गया तथा जिन लोगों के डिजिटल राशन कार्ड नही बने थे उनके कार्ड बनाएं गए।

उपायुक्त ने लोगों से आग्रह किया कि वह अपनी शिकायत अथवा समस्याऐं एसडीएम राजगढ़, खण्ड विकास अधिकारी पच्छाद तथा राजगढ़, संबंधित पंचायत प्रधान अथवा सचिव और पटवारी को 6 अक्तूबर से पहले व्यक्तिगत रूप से दे सकते है। इसके अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत ऑन लाईन भी भेज सकते हैं। उन्होने सभी आवेदनकर्ताओं से यह भी निवेदन किया है कि वह आगामी 7 अक्तूबर को नारग में आयोजित होने वाले जनमंच कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें ताकि उनकी समस्या का समाधान मौके पर हो सके । उन्होने कहा कि अधिकांश लोग आवेदन करने के उपरांत जनमंच में नहीं आते हैं जिससे उनकी समस्या लंबित रहती हैं ।

उन्होने बताया कि इस जन मंच कार्यक्रम के दौरान लोगों को हिमाचली प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आय प्रमाण पत्र, राजस्व रिकार्ड, अक्स की प्रति तथा किसान/बागवानी कार्ड जारी करने के अतिरिक्त विधवा, वृद्धावस्था पैंशन, आवास निर्माण/मुरम्मत, कानूनी सहायता, स्वतन्त्रता सैनानी, सैनिक पैंशन, महिला/युवक मण्डल पंजीकरण, बीपीएल ऋण सुविधा, भूमि विकास व भूसंक्षरण कार्य, बन्दूक/ड्राईबिंग लाईसैन्स हेतु आवेदन/मौके पर निरीक्षण, लाईसैन्स नवीनीकरण, ईन्तकाल, सत्यापन, जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण, राशन कार्ड बनाना/नवीकरण, प्रमाण पत्रों/डीड का सत्यापन, लघु कार्यो की स्वीकृति, पूर्व तथा मौके पर प्राप्त आवेदनों/समस्याओं का निदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनमंच के दौरान लोगों के स्वास्थ्य जांच के लिए एलोपेथिक तथा आयुर्वेदा विभाग के शिविर लगाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि पच्छाद विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नारग के साथ लगती ग्राम पंचायतों के लोगों से अपील की कि वह 7 अक्तूबर, 2018 को गांव नारग में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में आकर इस कार्यक्रम का लाभ उठाऐं।